जनता दरबार में 35 आवेदकों की सुनी समस्याएं



आरा (भोजपुर)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 35 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, ऊर्जा विभाग, जिला शिक्षा विभाग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार वृद्ध की मौत

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर शुक्रवार की दोपहर सेमरांव गांव के समीप अनियंत्रित स्कॉर्पियो के धक्के से साइकिल सवार वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। सड़क दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और मृतक के परिजनों द्वारा तत्काल मुआवज़े की मांग को लेकर आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर शव को रख रोषपूर्ण प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम की सूचना के बाद चरपोखरी थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार और बीडीओ कुमार विमलादित्य दल-बल के साथ मौके पर पहुँचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुट गए। सड़क दुर्घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि गड़हनी थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव निवासी वृद्ध राम भूलेश सिंह(67)साइकिल से चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी सत्यनारायण यादव के यहाँ अपनी बेटी रामरावती देवी के घर से अपने गांव रामडीहरा लौट रहे थे कि अचानक गड़हनी की ओर से आ रही तेज रफ़्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। वृद्ध की अचानक मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक की बेटी का पिता की अचानक हुई मौत से रो-रोकर हाल बेहाल है। मौके पर पहुँचे चरपोखरी बीडीओ द्वारा मृतक के आश्रितों को परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपये का चेक दिया गया। जिसके बाद करीब दो घँटे के बाद सड़क पर आवागमन पुन: शुरू हुआ। घटना स्थल से चरपोखरी पुलिस शव को अपने कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया।

चोरी के गहनों के साथ महिला गिरफ्तार



तरारी (भोजपुर)। रामलीला देखने गए गृहस्वामी के घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी होने के मामले में सिकरहटा थाना पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से चोरी के गहने भी बरामद किए हैं। सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार के अनुसार, 21 अक्टूबर की रात कुरमुरी गांव निवासी स्वर्गीय जय यादव की पत्नी रंजू कुंअर के घर में चोरी की घटना हुई थी। गृहस्वामी के परिवार के सदस्य रामलीला देखने गए थे। इसी दौरान आरोप है कि पड़ोस की महिला घर में घुसी और बेटी के सोने-चांदी के गहने लेकर भागने लगी। गांव के एक व्यक्ति ने महिला को देखकर शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण जुट गए। मामले में रंजू कुंअर ने कुरमुरी गांव निवासी संतोष साह की पत्नी बेबी देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया। बाद में उसकी निशानदेही पर घर से करीब 35 ग्राम सोने और 350 ग्राम चांदी के गहने बरामद किए गए। चोरी गए गहनों की कीमत करीब 10 से 12 लाख रुपये बताई गई है। घटना के बाद पुलिस ने महिला के साथ उसके पुत्र को भी गिरफ्तार किया था। 22 अक्टूबर की सुबह गहनों की बरामदगी के उद्देश्य से आरोपित के पुत्र को घर भेजे जाने की बात सामने आने पर पीड़ित परिवार और ग्रामीण नाराज हो गए। उन्होंने थानाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोपित महिला को जेल भेजने और चोरी के गहनों की तत्काल बरामदगी की मांग की। इसके बाद बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे को जाम कर दिया गया। जाम स्थल पर डीएसपी को बुलाने की मांग की गई। पीरो डीएसपी कन्हैया कुमार के पहुंचने और आश्वासन देने पर सड़क जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने बाद में आरोपित के घर से गहने बरामद किए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

ट्रैक्टर के तहखाने से तीन लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। जिला पदाधिकारी के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार में लाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन रोड में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर यात्री शेड के पास से एक महिंद्रा ट्रैक्टर के डाले में बने गुप्त तहखाने से 201 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से वाहन चालक पवना थाना क्षेत्र के मनीष गांव निवासी बिटेश्वर चौधरी के पुत्र राहुल कुमार चौधरी को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से कुल 390 पीस में 201 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य 3 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

स्वच्छता ही सेवा प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक

आरा (भोजपुर)। स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान-2026 के अंतर्गत जिला गंगा समिति, भोजपुर के तत्वावधान में कल सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय, आरा में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता एवं जिले के अधिकाधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला गंगा समिति, भोजपुर के कार्यालय में जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, कैंपस एंबेसडर एवं गंगा दूतों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा की गई। अभियान के तहत चित्रकला, रंगोली, निबंध एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। चित्रकला, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताएँ जूनियर और सीनियर, दो वर्गों में आयोजित होंगी। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 12 से ऊपर के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। वहीं, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 10 से ऊपर के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे,अधिकतम उम्र सीमा 25 है बैठक में उपस्थित छात्र-छात्राओं, कैंपस एंबेसडर एवं गंगा दूतों से अपील की गई कि वे अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्र समूहों के माध्यम से प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिकाधिक युवा स्वच्छता, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस अभियान का हिस्सा बनें। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को अभियान की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए स्वच्छता एवं गंगा संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। जिला गंगा समिति, भोजपुर का उद्देश्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।



तीन वारंटी गिरफ्तार,जेल

शाहपुर (भोजपुर) आससे। शाहपुर पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ कनैली गाँव के जगनारायण पांडे एवं ललन पांडे तथा वीरपुर गाँव के रघुनाथ राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक – 2850 (अनु0) दिनांक – 11.09.2026 एवं पी0आर0सं0– 011695 (BCD) 2026–27 के द्वारा भिन्न –भिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ/वर्ष 2026–27 को पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 7461(S) दिनांक 13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 9803 (भ) दिनांक 15.10.2026 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

उकत सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
नालन्दा भवन प्रमंडल,
बिहारशरीफ

PR. No. 014008 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

देवी जागरण में गोलू राजा के गीतों पर रातभर झूमे श्रोता

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी प्रखंड के कोयल गांव में आदर्श दुर्गा पूजा समिति कोयल द्वारा शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आरा बक्सर विधान पार्षद सोनू राय, प्रखंड प्रमुख रामचंद्र सिंह यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आदर्श दुर्गा पूजा समिति कोयल के अध्यक्ष शैलेश राय द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। देवी जागरण में भोजपुरी गायक गोलू राजा ने अपने गीतों से श्रोताओं को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं मंच का संचालन उद्घोषक मुकेश राय ने किया। मौके पर गायिक काव्या कृष्ण मूर्ति, गायक बबुआ अंकित, डी.के राज, समर सम्राट सहित कई अन्य भोजपुरी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से शमा बांध दिया। जिससे पूरी रात श्रोता झूमते रहे।



रंजिश में धारदार हथियार से बुजुर्ग महिला की हत्या

आरा (भोजपुर)। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव के बधार स्थित धान के खेत में शुक्रवार की सुबह पूर्व के विवाद में धारदार हथियार से एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के सिर, दाएं व बाएं हाथ, गाल, पीठ एवं गर्दन पर खून लगा जख्म पाया गया है। परिजन द्वारा पूर्व के विवाद में गांव के ही कुछ लोगों पर धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी स्व. भिखारी चौधरी की 72 वर्षीया पत्नी चिंता कुंअर है। इधर, मृतका की बहू लीलावती देवी ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व आरोपी व्यक्ति नशे की हालत में उनकी देवरानी के घर में घुस गया था। उस समय उसके पति द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। जिसको लेकर उसी समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह जब वह गांव के बधार स्थित धान के खेत में गई थी। तभी उक्त आरोपी युवक अपने अन्य लोगों के साथ वहां आ धमका और धारदार हथियार से उनके शरीर से कई जगह वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आये। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वही दूसरी तरफ मृतका की बहू लीलावती देवी ने गांव के नाजजद लोगों पर अपनी सास चिंता कुंअर की हसुआ एवं लाठी-डंडे से मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश ने बताया कि आपसी विवाद में बुजुर्ग महिला की हत्या की गई है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य को एकत्रित किया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्री शोभा देवी, उर्मिला देवी, पिंकी देवी व दो पुत्र राजेश चौधरी एवं लवकुश चौधरी है।

मारपीट में दो को जेल

दिनारा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के पोंगाढी गांव से मारपीट काण्ड संख्या 519/26 के अभियुक्त राम एकबाल सिंह के पुत्र उमेश सिंह एवं इनके पुत्र उमेश यादव को इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सहार में आधा दर्जन जर्जर विद्यालय भवनों पर लटका ताला, दूसरे स्कूलों में टैग कर हो रहा संचालन

सहार (भोजपुर)। सहार प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं की कमी का मामला सामने आया है। प्रखंड के करीब आधा दर्जन विद्यालयों के भवन जर्जर होने के कारण वहां पठन-पाठन बंद कर दिया गया है। इन विद्यालयों का संचालन विभागीय आदेश पर दूसरे विद्यालयों में टैग कर किया जा रहा है। लंबे समय से नए भवनों का निर्माण नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को दूसरे विद्यालयों में पढ़ाई करनी पड़ रही है।जानकारी के अनुसार, न्यू उर्दू प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला कोशियर, कन्या प्राथमिक विद्यालय कोशियर, प्राथमिक विद्यालय हरपुर और उर्दू प्राथमिक विद्यालय पेरहाप सहित कई विद्यालयों के भवन पिछले पांच वर्षों से निर्माण की बाट जोह रहे हैं। भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर इन विद्यालयों में पढ़ाई बंद कर उन्हें दूसरे विद्यालयों से टैग कर दिया गया है। दूसरे विद्यालयों में टैग होने के कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीमित कमरों में अतिरिक्त विद्यार्थियों के बैठने से पठन-पाठन की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। वहीं, अपने विद्यालय में पढ़ाई की सुविधा नहीं मिलने से बच्चों को भी परेशानी हो रही है। विद्यालय भवनों का लंबे समय से निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों और ग्रामीणों के सामने भी बच्चों की पढ़ाई और बेहतर शैक्षणिक माहौल को लेकर चिंता बनी हुई है। ऐसे में जरूरत है कि शिक्षा विभाग संबंधित विद्यालयों की स्थिति का आकलन कर नए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाए, ताकि छात्र-छात्राओं को अपने विद्यालय में सुरक्षित वातावरण के बीच पढ़ाई करने की सुविधा मिल सके।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

Email- eesinchairajauli2016@gmail.com

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 1461 दिनांक 07.10.2026 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27जिसका दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन का P.R. No-013494 (WRD) 2026-27 है। उक्त निविदा की कंडिका 18 एवं 21को विलोपित करते हुए एक अतिरिक्त कंडिका जिसका क्रम संख्या 52"पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) लेने का निम्नांकित प्रावधान किया जाता है :–

(1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृतदर वाले निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।

(2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5% कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।"जोड़ा जाता है, शेष कंडिका यथावत् रहेगा।

इसे इस हद तक संसोधित समझा जाय।

PR- 013986 (W R D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

नुक्कड़ नाटक से लोगों को दी मुफ्त बिजली योजना की जानकारी



बिहिया (भोजपुर)। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाने और लोगों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए बिजली विभाग द्वारा शुक्रवार को बिहिया और जगदीशपुर में नुक्कड़ नाटक का विशेष आयोजन किया गया। बिहिया के राजा बाजार चौक और जगदीशपुर के सदर बाजार स्थित महावीर मंदिर के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जगदीशपुर एवं बिहिया के सहायक विद्युत अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि इस योजना से अभी भी कई लोग वंचित हैं, जिन्हें जागरूक करने के लिए दिल्ली से आई कलाकारों की विशेष टोली ने गीत, संगीत, संवाद और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से सोलर पैनल पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी तथा मुफ्त बिजली से होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में सरल भाषा में विस्तार से समझाया। योजना में मिलने वाली अनुदान राशि बेहद आकर्षक है। एक किलोवाट के सिस्टम पर केंद्र सरकार से 30 हजार और बिहार सरकार से 10 हजार (कुल 40 हजार रुपये) की मदद मिलेगी। दो किलोवाट पर कुल 80 हजार रुपये मिलेंगे। वहीं तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सिस्टम पर केंद्र से 78 हजार और राज्य सरकार से 20 हजार मिलाकर कुल 98 हजार रुपये तक का भारी अनुदान दिया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जानकारी के अभाव में लोग इस योजना का लाभ उठाने में संकोच कर रहे हैं। जगदीशपुर विद्युत अवर प्रमंडल के तीन प्रखंडों—बिहिया, शाहपुर और जगदीशपुर में अब तक सिर्फ 65 घरों में ही सोलर सिस्टम लग पाया है। कलाकारों ने लोगों को समझाया कि छत पर सोलर पैनल लगाने से दिन में सूरज की रोशनी से बिजली बनेगी और रात में जरूरत के हिसाब से आपूर्ति मिलेगी, जिससे मासिक बिजली बिल कम होगा और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। इच्छुक उपभोक्ता आधिकारिक वेबसाइट www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15555 पर कॉल किया जा सकता है। अभियान के दौरान जगदीशपुर एसडीएम ओमप्रकाश लाल, अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार, वरीय प्रबंधक नंदन कुमार, कार्यपालक अभियंता राकेश चौधरी, सहायक विद्युत अभियंता नवीन कुमार, कनीय विद्युत अभियंता (बिहिया) उमाशंकर, कनीय विद्युत अभियंता (जगदीशपुर) मुकेश कुमार सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पंचायत सरकार भवन में पूरे माह गायब मिले कार्यपालक सहायक,बीडीओ ने पकड़ी लापरवाही

तरारी (भोजपुर)। तरारी प्रावण्ड के पंचायत सरकार भवन बसौरी के निरीक्षण के दौरान सरकारी कर्मी की लगातार अनुपस्थिति का मामला सामने आया है। तरारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार ने पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कार्यरत कार्यपालक सहायक सुमित कुमार की अगस्त माह में पूरे महीने की अनुपस्थिति दर्ज पाई गई। मामला सामने आने के बाद बीडीओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की है। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति से संबंधित अभिलेखों की जांच में कार्यपालक सहायक सुमित कुमार के अगस्त माह में अनुपस्थित रहने की बात सामने आई। इसके बाद बीडीओ ने संबंधित विभाग को पत्र भेजकर अनुपस्थित अवधि का वेतन काटने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। ऐसे में संबंधित कर्मी का पूरे महीने अनुपस्थित रहना गंभीर प्रशासनिक मामला माना जा रहा है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) (लाख में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	सोनवर्षा वितरणी के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद एवं जंगल सफाई तथा फॉल, इनलेट, प्रोटेक्शन वॉल का पुनर्स्थापन एवं तल मरम्मति P.C.C. कार्य।	61.52620	1.24	10000.00	1180.00	माह मार्च 2027 के पूर्व।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 14.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 02.11.2026 से 07.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2026 के अपराह्न 3:30 बजे। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा तकनीकि बीड निष्पादन उपरांत वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट http://www.eproc2.bihar.gov.in एवं state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद
मो0– 7463889727

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013920 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

न्यायालय,
सिविल जज सीनियर डिवीजन-02
व्यवहार न्यायालय,
जगदीशपुर, भोजपुर।
स्वतव वाद सं.-386/2025
आरती देवी वगै.....वादीगण
बनाम
संतोष कुमार वगै.....प्रतिवादीगण

गजट बनाम: प्रतिवादी सं.-3 दुर्गा देवी, पिता-स्व. झगरू साह, ग्राम- नावाडीह, पो.-संडौर, थाना+अंचल-बिहियां, वर्तमान पता पति- सुरेश साह निवासी ग्राम-नरगदा, पो.-बिलौटी, थाना-शाहपुर, जिला- भोजपुर, 3 (क) मणि शंकर साह पिता-सुरेश कुमार साह, 5- आनन्द कुमार, 6- बब्लू कुमार, 7- डब्लू कुमार, तीनों को पिता-स्व. बरमेश्वर साह, सभी निवासी ग्राम-नावाडीह, पो.-संडौर, थाना+अंचल-बिहियां, जिला-भोजपुर 11-जानकी देवी, पिता-स्व. बुद्ध कानू, ग्राम- नावाडीह, पो.-संडौर, थाना+अंचल-बिहियां, वर्तमान पता-पति-स्व. सतय नारायण साह, ग्राम-दुर्गौंधा, पोस्ट-घोबहां बाजार, गीना-घोबहां, जिला-भोजपुर, 12-उषा देवी पिता-स्व. बुद्ध कानू, ग्राम- नावाडीह, पो.- संडौर, थाना+अंचल-बिहियां, वर्तमान पता-पति-सुखदेव साह, ग्राम-गडो रिया, थाना-बलिया, पोस्ट-बलिया, जिला- बलियां, 13- आशा देवी पिता-स्व. बुद्ध कानू, ग्राम-नावाडीह, पो. संडौर, थाना+अंचत- बिहियां, वर्तमान पता- पति-योगेन्द्र साह, ग्राम-सिन्हा मिल्की, थाना-सिन्हा, जिला- भोजपुरं

एतद् द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में आपलोगों को प्रतिवादीगण के रूप में नामित किया गया है। स्वत्व वाद संख्या-386/25 इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा लाया गया है, जिसमें आपलोगों को नजारत के माध्यम से एक विहित समन एवं निर्बंधित डाक से विहित समन प्रेषित किया गया है, फिर भी आपलोग अपना पक्ष स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से रखने हेतु उपस्थित नहीं हुए। इ

सलिए स्थानीय समाचार पत्र में गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचना प्रकाशित की जा रही है। वाद में अगली सुनवाई की निर्धारित तिथि 27.10.2026 है, को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय सुनवाई का आदेश पारित किया जायेगा। इसे सख्त निदेश समझें।

आज दिनांक 06.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से गजट जारी किया गया।

ह/.
सिविल जज
सीनियर डिवीजन-02
व्यवहार न्यायालय
जगदीशपुर, भोजपुर।
9/48/26

न्यायालय सब जज 2
जगदीशपुर (भोजपुर)
स्वत्व वाद संख्या 125/2026
शिवजी दूबे.....वादी
बनाम
विजय चौबे वगेरह.....प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम : 1. विजय चौबे उम्र 70 वर्ष 2. अजय चौबे उम्र 65 वर्ष दोनों पिता स्व. रामजी चौबे दोनों माता स्व. प्राणपति कुंवर सभी निवासी ग्राम-हरिगांव पोस्ट-सनेया बरहटा, थाना+अंचल+प्रखंड जगदीशपुर, जिला-भोजपुर। विजय चौबे-हालमोकाम कब्बर सोसाइटी भलका भाल्परा जूनागढ़ गुजरात अजय चौबे-हाल मोकाम ब्लाक 2, पूजा डुप्लेक्स 2, बिहाइंड शुभमंगल अपार्टमेन्ट जोशीपुरा, जूनागढ़, गुजरात।

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन से आपलोगों पर अदालत चपरासी वो निर्बंधित डाक से नोटिस भेजा गया है। परन्तु आजतक आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है। इसलिए इस गजट प्रकाशन नोटिस से अंतिम सूचना दी जाती है कि आपलोग मेरे न्यायालय में दिनांक 20.11.26 को समय 10.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जो उजूर करना हो करे अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध मुकदमा की कार्यवाही एकपक्षीय अमल से लायी जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने। इसे आज दिनांक 22.09.26 को मेरे हस्ताक्षर वो मुहर से जारी किया गया।

सब जज 2
जगदीशपुर, भोजपुर।
9/482/26

ब-अदालत, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बिक्रमगंज
1. भूमि विवाद निराकरण वाद सं.-89/2026-27
काजल कुमारी बनाम श्रीभगवान चौधरी वगैरह

नोटिस बनाम:-आरती देवी बनाम श्रीभगवान चौधरी 1. श्रीभगवान चौधरी 2. सत्येन्द्र चौधरी पिता स्व. माला चौधरी, ग्राम-सुसाढी, पो.-मसोना, थना-संझौली, जिला-रोहतास।

चूं वजरिये इस सूचना के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि इस न्यायालय के द्वारा निर्गत सम्मन वो निर्बंधित डाक से भेजे जाने के बावजूद भी आप न्यायालय में जान-बुझकर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 09.11.26 समय 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष उपस्थापित करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा। इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बिक्रमगंज